# उपहार में स्कूली बैग पाकर खिल उठे बच्चों को चेहरे



रोटरी क्लब बहमावर्त ने स्कूली बच्चों को बैग का उपहार दिया। फोटो : एसएनबी

**कानपुर (एसएनबी)।** रोटरी क्लब ब्रह्मावर्त ने मंगलवार को आनंदपुरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में सैकड़ों बच्चों को स्कूल बैग बांटे। बैग का उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। रोटरी ब्रह्मावर्त क्लब के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल की अगुवाई में सदस्यों की एक टीम मध्यान्ह में सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज पहुंची। स्कूल में सभी बच्चों को बैग का वितरण किया जाना था, मगर सिर्फ 201 बच्चे उपस्थित थे। क्लब सदस्यों ने सभी 201 बच्चों को स्कूली बैग बांटे, जिनकी कीमत 30 हजार रुपये से ज्यादा थी। अनुपस्थित बच्चों के संबंध में भी स्कूल प्रबंधन से वार्ता की गयी। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि उन्हें भी बैग दिया जायेगा। स्कूल बैग का उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल गये। उन्होंने क्लब सदस्यों को धन्यवाद दिया। स्कूल प्रबंधन ने भी उनके प्रति आभार जताया। बैग वितरण में क्लब सचिव रामसेवक अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, रितु अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, राजीव साहू, जय बलवानी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्कूली बैग

**कानपुर।** रोटरी क्लब आर्यन्स ने भी मंगलवार को शास्त्रीनगर स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय में स्कूली बैग बांटे। मुख्य अतिथि भाजपा विधायक सुरेन्द्र मैथानी थे। उनका क्लब अध्यक्ष डॉ. बीएन आचार्य ने स्वागत किया। अध्यक्ष अर्पित गुप्ता ने बच्चों को शिक्षा उदय कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। विधायक ने विद्यालय में बच्चों को बैग, फ्रूटी, चिप्स, टॉफी आदि बांटीं। चार्टर सचिव मयंक गहोई ने बताया कि आगामी महीनों में इस विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं करायी जायेंगी। चार्टर अध्यक्ष डॉ. भक्ति विजय शुक्ला, संतोष गुप्ता, ज्ञानेन्द्र सेठ प्रमुख रूप से उपस्थित थे।